# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 06/11/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Gujarat Vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)**

# वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस 100वीं बटालियन आरएएफ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**अहमदाबाद**। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 100वीं बटालियन आरएएफ द्वारा वाहिनी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन। वस्त्राल स्थित द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की 100वीं वाहिनी मुख्यालय में लौह पुरूष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट महोदय 100वीं वाहिनी के दिशा–निर्देशन में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:–रन फॉर यूनिटि का आयोजन। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन। राष्ट्रीय एकता मानव श्रृंखला और मार्च पास्ट परेड का आयोजन। भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और लौह पुरूष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता न केवल एक मजबूत देश गठन करने में मद्द करती है बल्कि लोगों के विकास को भी प्रोत्साहित करती है। यह दिवस हमें शांति, सौहार्द, सहकार एवं बन्धुत्व की भावना के साथ रहने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट–100वीं वाहिनी द्रुत कार्य बल द्वारा वाहिनी में उपस्थित सभी अधिकारी, अधीनस्त अधिकारी व जवानों एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में उपरोक्त कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

Gujarat Vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

# 100 आरएएफ द्वारा दत्तक गांव जानू में मेडिकल केम्प का आयोजन





अहमदाबाद

आरएएफ द्वारा गोद लिए हुए गांव जानू में गोविन्द प्रसाद उनियाल (कमाण्डेंट 100 वी वाहिनी आरएएफ) के दिशा निर्देशन में ए/100 आर.ए.एफ. वस्त्राल, अहमदाबाद की एक प्लाटूनी कैलाश चंद के नेतृत्व में एक मेडिकल केम्प का आयोजन किया। जिसमें वाहिनी के डॉक्टर सुमित सहगल (मुख्या चिकित्सा अधिकारी) द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं दवाइयां भी वितरित की गई। इसमे ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। एवं गांव के सरपंच धनसुख गोहेल व उप.सरपंच विष्णुभाई पटेल और जानू हेल्थ सेंटर की इन्चार्ज दिप्तिबेन पारेख ने भी भरपूर सहयोग किया। इस मेडिकल कैंप के दौरान लगभग 75 लोगो की स्वास्थ्य जांच की गई।

Gurugram Today, Gurgaon , (HR)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने बिलासपुर थाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में किया फ्लैग मार्च






तहलका हरियाणा, प्रदीप निराला/ गुरुग्राम। राकेश कुमार सिंह कमाण्डेन्ट के निदेशांनुसार प्रहलाद राम सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में 194 रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी 31 अक्तूबर से गुरुग्राम जिले के विभिन्न स्थानों में परिचित अभ्यास कर रही है। इसी क्रम में आज 03 नवम्बर को रैपिड एक्शन फोर्स प्लाटून के सदस्यो ने अतिरिक्त थाना प्रभारी बिलासपुर उप निरीक्षक सुशील कुमार से मुलाकात कर बिलासपुर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व इस क्षेत्र में स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों व संवेदलशील इलाके के बारे चर्चा की साथ ही भोडाकला के सरपंच यजुवेंद्र शर्मा और अन्य ग्रामीणों के साथ इलाके के बारे में चर्चा की और उनको रेपिड एक्सन फोर्स की भूमिका के बारे में बताया कि भविष्य में कभी दंगा या दंगा जैसी स्थिति होने पर हमें आपके एरिया में तैनात होने की जरूरत पड़े तो उन चुनोतियो को ग्राम के सम्मानित लोगो से मिलकर निपटा जा सके ओर सार्वजनिक सम्पति को नुकसान होने से बचाया जा सके। ग्राम सरपंच एवं अन्य ग्रमीणों को नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए अपील की। रैपिड एक्शन फोर्स ने पुलिस थाना बिलासपुर अतिरिक्त प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार व थाना टीम के साथ मिलकर थाना बिलासपुर एरिया के बोहडाकलां, सिधरावली पथरेडी, बिलासपुर खुर्द, बिनोला आदि गांव में फ्लैग मार्च निकाला। फ़ोर्स ने फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगो को शांति व कानून व्यवस्था कायम रखने की लिए अपील की। इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स टुकड़ी ने गुरुग्राम अवस्थित रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया। जहाँ पर मुख्य टिकट निरीक्षक संजीव कुमार राव , और स्टेशन अधीक्षक एसएल मीणा, आरपीएफ निरीक्षक नितिन महेरा थाना अध्यक्ष उपनिरीक्षक रामफल व अन्य स्टेशन आदिकरियो से वार्तालाप किया। जिनसे भविष्य में आने वाली चुनोतियो का आसानी से निवारण किया जा सके सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य जिला पुलिस रैपिड एक्शन फोर्स व आमजन मे सामंजस्य बनाना है जिससे की भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। किसी भी सूरत में सरकारी व निजी सम्पति को क्षति नही पहुँचने दी जाएगी। जिला पुलिस 24 घण्टे तत्परता के साथ अपना कार्य कर रही है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। इस परिचित अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक सनीश कुमार निरीक्षक अनुज त्यागी, उपनिरी० मो० सैफी खान एवं पुलिस थाना बिलासपुर अतिरिक्त प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार और बी / 194 बटालियन रैपिड एक्पन फोर्स की प्लाटून एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

Gurugram Today, Gurgaon , (HR)

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस ने चुनाव में संवेदनशील इलाके के बारे चर्चा की

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की रैपिड एक्शन फोर्स प्लाटून के सदस्यो ने वीरवार को अतिरिक्त थाना प्रभारी बिलासपुर, उप निरिक्षक सुशील कुमार से मुलाकात कर बिलासपुर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व इस क्षेत्र में स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों व संवेदनशील इलाके के बारे चर्चा की साथ ही बहोड़ा कला के सरपंच यजुवेंद्र शर्मा और अन्य ग्रामीणों के साथ इलाके के बारे में चर्चा की और उनको रेपिड एक्सन फोर्स की भूमिका के बारे में बताया कि भविष्य में कभी दंगा या दंगा जैसी स्थिति होने पर हमें आपके एरिया में तैनात होने की जरूरत पड़े तो उन चुनौतियों को ग्राम के सम्मानित लोगों से मिलकर निपटा जा सके और सार्वजनिक सम्पति को नुकसान होने से बचाया जा सके। ग्राम सरपंच एवं अन्य ग्रमीणों को नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए आम जन को जागरूक करने के लिए अपील की। रैपिड एक्शन फोर्स ने पुलिस थाना बिलासपुर, अतिरिक्त प्रभारी उप निरिक्षक सुशील कुमार व थाना टीम के साथ मिलकर थाना बिलासपुर एरिया के बहोड़ा कलां, सिधरावली, पथरेड़ी, बिलासपुर खुर्द, बिनोला में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को शांति व कानून व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई है।इसके साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स टुकड़ी ने गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन




का भी दौरा किया, जहाँ पर मुख्य टिकट निरीक्षक श्री संजीव कुमार राव , और स्टेशन अधीक्षक, एस एल मीणा, आर पी एफ। निरिक्षक नितिन मेहरा थाना अध्यक्ष, उपनिरीक्षक रामफल, अन्य थाना प्रभारियों से वातालाप किया ताकि भविष्य में आने वाले चुनौतियों का आसानी से निवारण किया जा सके।

सहायक कमाण्डेंट श्री प्रहलाद राम ने बताया कि फ्लैग मार्च का उदेश्य जिला पुलिस रैपिड एक्शन फोर्स व आमजन मे सामंजस्य बनाना है जिससे कि भविष्य की संभावित चुनौतियों से आसानी से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने नही दिया जाएगा। किसी भी सूरत में सरकारी व निजी सम्पति को क्षति नही पहुँचने दी जाएगी। जिला पुलिस 24 घण्टे तत्परता के साथ अपना कार्य कर रही है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर संभव कदम उठाए जा रहे है।

इस परिचित अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट श्री प्रहलाद राम, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक सनीश कुमार,निरीक्षक अनुज त्यागी, उपनिरी० मो० सैफी खान तथा पुलिस थाना बिलासपुर के अतिरिक्त प्रभारी उप निरिक्षक सुशील कुमार और बी / 194 बटालियन रैपिड ऐक्शन फोर्स की प्लाटून एवं पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**